Need to restart Lal Imli Mill of Kanpur, Uttar Pradesh-laid

श्री रमेश अवस्थी (कानपुर) **:** मैं माननीय कपड़ा मंत्री जी का ध्यान कानपुर नगर में ब्रिटिश काल से संचालित एवं पिछले कई वर्षों से बंद पड़ी ऐतिहासिक लाल इमली मिल की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ जो एक समय पर हज़ारों लोगों के रोज़गार का केंद्र हुआ करती थी, लाल इमली को कानपुर की धरोहर के रूप में जाना जाता है । इसके बने वूलेन क्लॉथ की माँग इंग्लैंड अमेरिका रुस और जर्मनी तक थी जिसने कानपुर को देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक एक अलग पहचान दिलाई थी । कानपुर की कभी शान होने वाली लाल इमली मिल अब पूरी तरह से बंद है । इसके बंद होने से यहां के कर्मचारियों और उनके परिवारों के समक्ष गंभीर आर्थिक समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं । कर्मचारियों का पिछले कई वर्षों से लंबित वेतन, ग्रेचुइटी, और अन्य बकाया भुगतान की स्थिति अत्यधिक चिन्ताजनक है । दिनांक 29 अगस्त 2024 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने कानपुर में लाल इमली मिल को पुनः चालू कराने की घोषणा भी की थी ।

मैं मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि इस मुद्दे को शीघ्र संज्ञान में लें और लाल इमली मिल को पुनः चालू करने एवं कर्मचारियों का लंबित वेतन, ग्रेचुइटी और अन्य बकाया भुगतान की दिशा में आवश्यक कदम उठाएं ।